वन्दे भारत एक्सप्रेस का कोटा आगमन पर क्रू का भव्य स्वागत

ऊर्जा मंत्री नागर ने कोटा से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कोटा, (निसं)। यात्रियों और आमजनता की मांग पर रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 20981/20982 उदयपुर सिटी-आगरा कैंट-उदयपुर सिटी के मध्य चलने वाली त्रि-साप्ताहिक वन्दे भारत एक्सप्रेस का संचालन 02 सितम्बर से शुरू किया गया।

गाड़ी संख्या 20981 उदयपुर सिटी-आगरा कैंट वन्दे भारत एक्सप्रेस के सुबह 09.50 बजे कोटा आगमन पर गाड़ी संचालन करने वाले लोको पायलट आरडी मीना एवं सहायक लोको पायलट वीर सिंह मीना का ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कोटा (दक्षिण) संदीप शर्मा एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश कुमार जैन मौजूद रहे। कोटा स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस के आगमन पर उदयपुर से कोटा आने वाले यात्रियों ने अपना यात्रा अनुभव साझा किया। कोटा स्टेशन पर आधुनिक वन्दे भारत एक्सप्रेस को देखने के लिए भारी संख्या में यात्रियों में उत्साह दिखा। इसके अतिरिक्त वन्दे भारत एक्सप्रेस के मंडल के बूँदी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी स्टेशनों पर गाड़ी के आने पर क्षेत्रीयजनप्रतिनिधियों द्वारा क्रू मेम्बर्स का स्वागत किया गया।

इस वन्दे भारत ट्रेन के संचालन से उदयपुर सिटी-आगरा कैंट यात्रियों को सीधी कनेक्टीविटी, पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इस नई वन्दे भारत ट्रेन का संचालन यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की दिशा में सकारात्मक कदम है जिससे मंडल के यात्रियों को आवागमन का लाभ मिलेगा। रेलवे की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, सहायक परिचालन प्रबंधक शशि भूषण शर्मा, मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटा पहुंचने पर पर वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया गया

'मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी रखें'

कोटा, (निसं)। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने बरसात के बाद आने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी लाड़पुरा एसडीएम मनीषा तिवारी, नगर निगम कोटा दक्षिण की आयुक्त सरिता सिंह, नगर विकास न्यास की उपसचिव मालविका त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी, अधिशाषी अभियंता नवीन सिंहल, नगर निगम उपायुक्त महावीर सिसोदिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक चम्पालाल मीणा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विधायक संदीप शर्मा चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गत वर्ष भी कोटा में डेंगू व मौसमी बीमारी के प्रकोप के समय बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए, चिकित्सालयों में बेड की कमी हो गई और कई लोग असमय ही मृत्यु के शिकार बन गये। कई लोग लम्बे समय तक इन बीमारियों से ग्रसित रहे जिससे उन्हें व उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पडा था। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से सबक लेते हुए हम सभी को मिलकर इन बीमारी को रोकने के लिये हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे इन बीमारियों के प्रकोप से लोग परेशान न हों। उन्होंने कहा कि कोटा में कई स्थानों पर खाली भूखण्डों, गड्ढों आदि में बरसात के बाद पानी इकट्ठा हो रहा है।

गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव 8 सितम्बर को

कोटा, (निसं)। अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य समाज कोटा महानगर द्वारा गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन कोटा में आयोजित किया जाएगा, अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री किशन पाठक ने बताया कि गुरु वशिष्ठजी ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं एवं सप्तर्षि मंडल के प्रमुख संतों में उनका प्रमुख स्थान है इसलिए ऋषि पंचमी के दिन उनका प्राकट्य दिवस आयोजित किया जाता है, कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा के अध्यक्षता में किया गया जिसमें कार्यक्रम की समस्त योजना तैयार की गई है प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा ने बताया की गुरु वशिष्ठजी की जयंती के आयोजन के माध्यम से राजस्थान में ब्राह्मण समाज की एकता का संदेश समाज में जाता है, आयोजन में सनाढ्य समाज कोटा महानगर के सभी संगठनों एवं ब्राह्मण समाज के लोगों की भागीदारी रहेगी, पंडित गोविंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे लोकसभा अध्यक्ष बनने पर सनाढ्य समाज एवं ब्राह्मण समाज की ओर से लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा ।

जनसुनवाई कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सितम्बर माह में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100762 **लोक सूचना** दि.02.09.2024

श्री UPNEET SINGH BHATIA पुत्र श्री GURCHARAN SINGH BHATIA जाति SIKH निवासी HARJAS NIWAS, RUBBER FACTORY ROAD BIM GANJ MANDI KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का पयर्टन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	रामनगर, लाडपुरा (कोटा)	UPNEET SINGH BHATIA S/O GURCHARAN SINGH BHATIA CASTE SIKH NI. KOTA KHATEDAR	634/140 PART	2490	0.249
			कुल		0.249

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02/09/2024 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

Krishi Upaj Mandi Samiti, Khanpur, District Jhalawar (Raj.)

File No-320-329 Date. 02.09.2024

Notice Inviting Bid

Bids for Computer operator with machine for E-Nam of subject matter (s) of Procurement) are invited from interested bidders upto 5.00 PM (time) 22.09.2024 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and agriculture.rajasthan.gov.in department website. The approximate value of the procurement is Rs. 12.00 Lac.
NIB CODE. DAM2425A0328
UBN NO. DAM2425WSOB00775

(Secretary)
Krishi Upaj Mandi Samiti, Khanpur

AU SMALL FINANCE BANK

Registered Office : 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
www.aubank.in

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **09 Sep 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)

JAIPUR - QUEENS ROAD - 23660001328105 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR -** 23660002088468 | **JODHPUR ITI CIRCLE -** 23660001006012 23660002165553 | **KOTA -GHODE WALA CIRCLE -** 23660002103562 23660002103982 23660002111166 23660002181333 | **NOKHA -** 24660000212449 | **RATANGARH -** 23660002110518 | **SAGWARA -** 23660002098909 23660002117965 | **UDAIPUR - MADHUBAN -** 23660000865341 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited

'संस्कृति को आत्मसात् करने के लिए संस्कृत जरुरी'

कोटा, (निसं)। संस्कृत दिवस अन्तर्गत राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह सोमवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारों, संस्कृत गायन, वाचन के सुसंस्कृत वातावरण में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य एवं अकादमिक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि थे। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर अध्यक्ष, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि, सारस्वत अतिथि अध्यक्ष, भारतीय भाषा-समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार पद्मश्री चमूकृष्ण शास्त्री एवं संस्कृत विद्वानों के सानिध्य में आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अपनी संस्कृति को आत्मसात् करने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत से संस्कारवान मनुष्य सही राह पर चलते हैं जबकि संस्कृत और संस्कृति विहीन पशुत्व की ओर जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों का आव्हान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विद्यार्थियों को दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर संस्कृत के विस्तार और इसे जन भाषा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने इस अवसर पर जन समूह का आव्हान किया कि पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण के लिए पोलिथीन के उपयोग को वर्जित करें। साथ ही, गोपालन कर पंचगव्यों को अपनाएं। संस्कृत के बल पर ही विकसित भारत का होगा सपना साकार-ऊर्जा मंत्री-अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति की संवाहक है।

125 कैदियों ने नेत्रदान का संकल्प लिया

कोटा, (निसं)। आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के कोटा चैप्टर इकाई की ओर से कोटा केन्द्रीय कारागृह में नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्रदान जागरूकता संगोष्ठी आयोजित हुई। केन्द्रीय कारागृह कोटा के जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ने नेत्रदान का संकल्प लेकर कार्यक्रम की शुरूआत की। संगोष्ठी में सोसायटी के अध्यक्ष डॉ के.के.कंजोलिया, कॉर्डिनेटर नेत्र चिकित्सक डॉ.सुरेश पाण्डेय, सचिव सुरेश सेदवाल, उपाध्यक्ष समाजसेवी जी.डी.पटेल, आई बैंक कोटा चैप्टर की सदस्य अनिता चौहान, व टैक्निशियन टिंकू ओझा सहित केन्द्रीय कारागृह की महिला जेल इंचार्ज सुश्री फरज़ाना, उपाधीक्षक धारा सिंह भी उपस्थिति थे। 125 कैदियों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। सोसायटी अध्यक्ष डॉक्टर के. के. कंजोलिया ने केन्द्रीय कारागृह में उपस्थित 125 कैदियों को सम्बोधित किया।

सरस डेयरी अध्यक्ष राठौड़ ने किया समितियों का दौरा

कोटा, (निसं)। कोटा बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठाड़ दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के दौरे पर रहे जहां उन्होंने समितियों के सचिवों की बैठक व मराडी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के प्रोत्साहन वितरण कार्यक्रम व आमसभा में हिस्सा लिया।

राठौड़ अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार है और इसका असर दिखने भी लग गया है। राज्य की बजट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकास की सौगात देते हुए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष-250 करोड़ रुपये का प्रावधान किए है। कोटा में डेयरी के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये की लागत से केटल फीड प्लांट की स्थापना के स्वीकृत किए है। उन्होंने कहा कि संघ को 18 बीघा जमीन कोटा में पशु आहार संयंत्र लगाने के लिए आवंटित भी हो चुकी है। इस संयंत्र से पशुपालकों को बहुत लाभ मिलेगा । सचिवो की बैठक में गुढ़ा गोकुल पूरा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, बूंदी डेयरी सुपरवाईजर असिन खान, हिंडोली मार्ग रिसोर्स पर्सन महावीर सिंह, नमाना मार्ग रिसोर्स पर्सन धन्ना लाल प्रजापत, भवानी सिंह, हिंडोली मार्ग की समस्त दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सचिव उपस्थित रहे।

कोटा सरस डेयरी अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने समितियों का दौरा किया ।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3235 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.8.24

आवास संख्या 1-न-36 केशवपुरा कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री प्रहलाद कुमार पुत्र श्री चैनमल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री सिंग स्वरुप शर्मा के नाम दिनांक 22.03.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री सिंग स्वरुप शर्मा के नाम दिनांक 25.04.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री सिंग स्वरुप शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.05.2017 को हो चुकी है। श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री सिंग स्वरुप शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 02.07.2011 को इनकी भांजी रुचिरा शर्मा पुत्री श्री वैद प्रकाश जेमनी एवं भान्जा श्री सचिन गौड़ पुत्र श्री आलोक कुमार गौड़ के पक्ष में संयुक्त रुप से आलेखित की गई। रुचिरा शर्मा पुत्री श्री वैद प्रकाश जेमनी एवं भान्जा श्री सचिन गौड़ पुत्र श्री आलोक कुमार गौड़ द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-न-36 केशवपुरा कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर रुचिरा शर्मा पुत्री श्री वैद प्रकाश जेमनी एवं भान्जा श्री सचिन गौड़ पुत्र श्री आलोक कुमार गौड़ के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन रुचिरा शर्मा पुत्री श्री वैद प्रकाश जेमनी एवं भान्जा श्री सचिन गौड़ पुत्र श्री आलोक कुमार गौड़ के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन रुचिरा शर्मा पुत्री श्री वैद प्रकाश जेमनी एवं भान्जा श्री सचिन गौड़ पुत्र श्री आलोक कुमार गौड़ के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

'सफाई व्यवस्था सूचारु बनाने के आदेश

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के आयुक्तों को शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आयुक्त स्वयं प्रात: फील्ड में जाकर रेंडम चैकिंग करें एवं जो सफाईकर्मी अनुपस्थित पाऐं जाएं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिऐं। डॉ. गोस्वामी सोमवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने मुख्य मार्गों से अवैध होर्डिंग हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि जहां भी डेंगू के केस मिले वहां आसपास के घरों में स्क्रीनिंग की जाए। क्लस्टर में केस मिलने पर जिला प्रशासन को तुरन्त सूचित करते हुए रोकथाम के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटी लार्वा एक्टिविटी एवं हर शनिवार को नो-बैग-डे के तहत स्कूलों में डेंगू रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने, सर्वे एवं स्क्रीनिंग तथा छिड़काव जैसी गतिविधियां निरंतर चलाने के निर्देश दिऐं। जिला कलक्टर ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं सरकारी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कार्यालयों पर सौलर पैनल लगाने से संबंधित कार्यवाही करें ताकि राज्य सरकार के निर्देश आने पर सोलर इन्स्टॉलेशन की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने 15 सितम्बर से जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

वर्षा भारद्वाज ने जीता अवार्ड

कोटा, (निसं) मिसेज राजस्थान-2024 का ग्रांड फिनाले गुरूवार को बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 18 फाईनलिस्ट में कोटा निवासी वर्षा भारद्वाज टॉप-10 में रही और मिसेज राजस्थान स्पार्कलिंग स्माईल अवार्ड-2024 की विजेता रही। पहला राउण्ड ट्रेडिशनल आउटफिट्स, दूसरा राउण्ड वेस्टर्न आउटफिट्स और तीसरा राउण्ड वूमेन एम्पॉवरमेंट को लेकर जिसमें महिलाओं को सुरक्षित कैसे रखना है। इस पर वर्षा भारद्वाज ने समाज में महिलाओं व लड़कियों पर हो रहे अत्याचार में बारे स्पीच दी। कोटा की महिलाओं को पहचान दिलाने की प्रेरणा देगी। सेंट पॉल स्कूल में टीचर है और 1 बेटे की माँ होने के साथ बहुत मेहनती और हौनहार है।

'जहां पीपल वहीं पाठशाला'

कोटा, (निसं)। पीपल नाम तुलसी के पेड़ों के लिए जागरूकता अभियान के प्रेरक बिहार के पर्यावरणविद् डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि जहां पीपल वहां औषधालय, धर्मशाला और पाठशाला स्वत: ही हो जाती है। उन्होंने पीपल के बारे में उत्पन्न कई भ्रांतियां का बीच समाधान अपनी व्याख्यान में किया। डॉक्टर धर्मेंद्र सोमवार को राजकीय महाविद्यालय आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पीपल में भूत होता है यह गहरी भ्रांति हमारे समाज में है। राजस्थान में पीपल लगाने और बचाने के प्रति जागरूकता का अभाव है। बुद्धिमान और ज्ञानी लोगों के होते हुए पीपल जैसे वृक्ष के प्रति गलत अवधारणा होना जागरूक समाज के लिए चिंता की बात है। उन्होंने बताया कि पीपल के वृक्ष में ऑक्सीजन का भंडार है 500 साल से अधिक जीने वाले इस वृक्ष में हजारों पक्षियों को बसाने की क्षमता है और यही पक्षी जंगलों के पुनर्वनीकरण में योगदान देते हैं।

डॉक्टर धर्मेंद्र ने इस बात पर चिंता जताई कि राजस्थान में सोलर प्लांट के लिए 60000 से अधिक पेड़ों को काटने की योजना सामने आई है जो की बढ़ते हुए तापमान और ऑक्सीजन की कमी के दौर में बहुत ही गहरी चिंता का विषय होना चाहिऐं।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3246 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 30.8.24

आवास संख्या 1-ज-40 केशवपुरा कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री बजरंगलाल गोठानिया पुत्र श्री मोतीलाल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री बजरंगलाल गोठानिया पुत्र श्री मोतीलाल के नाम दिनांक 19.07.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बजरंगलाल गोठानिया पुत्र श्री मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 13.06.2022 को हो चुकी है। श्री बजरंगलाल गोठानिया पुत्र श्री मोतीलाल द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 25.05.2022 को ग्राउण्ड फ्लोर इनके बडे पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गोठनिया एवं फस्ट फ्लोर इनके छोटे पुत्र श्री मनोज कुमार गोठानिया के पक्ष में आलेखित की गई। श्री राजेन्द्र कुमार गोठानिया एवं श्री मनोज कुमार गोठानिया पुत्र स्व. श्री बजरंगलाल गोठानिया द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ज-40 केशवपुरा कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री राजेन्द्र कुमार गोठानिया एवं श्री मनोज कुमार गोठानिया पुत्र स्व. श्री बजरंगलाल गोठानिया के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री राजेन्द्र कुमार गोठानिया एवं श्री मनोज कुमार गोठानिया पुत्र स्व. श्री बजरंगलाल गोठानिया के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री राजेन्द्र कुमार गोठानिया एवं श्री मनोज कुमार गोठानिया पुत्र स्व. श्री बजरंगलाल गोठानिया के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त
क्रमांक: 3296 दिनांक: 02.09.
जाहिर आम सूचना
आवास संख्या 3-पी-64 महावीर नगर विस्तार योजना, व
आवंटन मण्डल द्वारा श्री अमर सिंह टांक पुत्र श्री चम्पा
किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीम
कान्ता सोनी पत्नी श्री मोहनलाल सोनी के नाम दिनांक
2018 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीम
कान्ता सोनी पत्नी श्री मोहनलाल सोनी द्वारा दिनांक 16.
को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के
पर श्रीमती चन्द्र कान्ता सोनी की मृत्यु दिनांक 05.05.2024
इनके पति श्री मोहनलाल सोनी की मृत्यु दिनांक 10.05.2
हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में
कुमार सोनी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल सोनी, श्री राजेश
स्व. श्री मोहनलाल सोनी एवं श्रीमती रेखा सोनी पुत्री
मोहनलाल सोनी पत्नी श्री विरेन्द्र सोनी द्वारा उक्त आ
निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिली
(त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 03.06.2024 को श्री
सोनी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल सोनी के पक्ष में किया ग
दिनेश सोनी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल सोनी द्वारा इस कार
प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-पी-64 महावी
विस्तार योजना, कोटा को उक्त आवास का ह
/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शप
घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग
आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया। अत: उक्त आ
हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक प
पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्य
के आधार पर श्री दिनेश सोनी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल
नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति
दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा या
हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री दिने
पुत्र स्व. श्री मोहनलाल सोनी के नाम किये जाने में किसी
/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का ह
/प्रतिस्थापन श्री दिनेश सोनी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल
नाम कर दिया जावेगा। उप आवासन
राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त

अनन्त चतुर्दशी की तैयारी बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। अनंत चतुर्दशी पर्व के मध्यनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अनंत चतुर्दशी जुलूस की तैयारी बैठक आयोजित की गई।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। जुलूस में किसी भी तरह का कोई भी विघ्न नहीं आने दिया जाऐं। उन्होंने समिति को आश्वासन दिया की अनंत चतुर्दशी का जुलूस पूर्व जुलूस से और भव्य होगा। जिला कलक्टर ने कहा कि जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली ऐतिहासिक इमारत का रंग-रोगन किया जाएगा एवं उचित प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। जुलूस के समय सभी अखाड़े एवं टोलियां सतर्क एवं सावधान रहे और इस बात का ध्यान रखें कि जुलूस में कोई भी असामाजिक तत्व ना हो। आयोजन समिति यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति कोटा की जीवनदायिनी नदी चंबल में पॉलीथीन एवं प्रदूषित तत्व ना डालें। जिला प्रशासन द्वारा जुलूस मार्ग में आने वाले जर्जर भवनों का सर्वे करा लिया गया है। बैठक में डॉ. गोस्वामी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि जुलूस मार्ग में जहां निर्माण कार्य चल रहा है व निर्माण सामग्री पड़ी हुई है उनको हटवाया जाए। मार्ग में खुली नालियां है उनको ढकवाया जाए एवं सफाई एवं रखरखाव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि सड़क पर जहां भी गड्ढे हो रहे हैं उनको भरा जाए ताकि किसी भी तरह की कोई दुर्घटना ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर पुलिस से समन्वय कर प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर बेरीकेडिंग कराना सुनिश्चित करें।

भामाशाह किशन गोस्वामी का अभिनन्दन

समाज उत्थान में जो भी सहयोग होगा, उसे करने के लिए तत्पर रहने की बात कही

भामाशाह किशन गोस्वामी का अभिनन्दन किया ।

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति कोटा संभाग की ओर से सारस्वत ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मण्डल के रूप में भामाशाह किशन गोस्वामी का अभिनन्दन किया गया।

समिति के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत की अगुवाई में वरिष्ठ पदाधिकारी व समाजसेवियों ने फतेहपुर शेखावाटी पहुंचकर समाज के उत्थान एवं कोटा में सामुदायिक भवन में योगदान के लिए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पगड़ी व उपर्णा पहनाया गया तथा अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया। मुकेश सारस्वत ने बताया कि पिछले दिनों समाज के वन विहार महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के भामाशाह किशन गोस्वामी को कोटा आमंत्रित किया गया था। लेकिन विदेश यात्रा के चलते वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके थे। इसके बाद उनका गृह नगर फतेहपुर शेखावटी आना हुआ। इसी अवसर पर उनका अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर किशन गोस्वामी ने कोटा सारस्वत ब्राह्मण समाज का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज उत्थान में जो भी सहयोग होगा, उसे करने के लिए तत्पर रहने की बात कही।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-2280 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-29.8.24

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की जे.पी. मार्केट दी हॉल-सेल क्लोथ मर्चेन्ट एसोसियेशन योजना में आवंटित दुकान संख्या 177 का आवंटन मै. गुलाब ट्रेडर्स प्रो. श्रीमती सुशीला चावला के पक्ष में किया गया था। श्रीमती सुशीला चावला के द्वारा उक्त दुकान को जर्ये रजि. विक्रय पत्र के द्वारा मै. पी.एल. चावला एण्ड संस प्रो. श्री पी.एल. चावला को बैचान किया गया है। श्री पी.एल. चावला पुत्र श्री दौलतराम के द्वारा उक्त दुकान का बै